879
13/11/14

**श्री अमरेन्द्र प्रसाद सिंह (भा0 प्र0 से0), जिला पदाधिकारी मुंगेर की अध्यक्षता में दिनांक 28.10..2014 को आयोजित कृषि टास्क फोर्स की बैठक की कार्यवाही :–**

उपस्थिति:– यथा पंजी में संधारित

दिनांक 28.10.2014 को जिला पदाधिकारी मुंगेर द्वारा अपने कार्यालय कक्ष में कृषि टास्क फोर्स की बैठक की गयी जिसमें विभिन्न विभागों के योजनाओं/कार्यक्रमों की निम्न प्रकार समीक्षा की गयी।

1. कृषि

(i) वर्षापात/आच्छादन:– जिला पदाधिकारी द्वारा सर्व प्रथम कृषि विभाग की समीक्षा करते हुये फसल स्थिति की जानकारी लिए जाने पर जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि माह अक्टुबर में 82.2 मि0मी0 सामान्य वर्षापात के विरूद्ध अभीतक 31.40 मि0मी0 वर्षा हुई है जो सामान्य वर्षापात से 61.2 प्रतिशत कम है किंतु, समय–समय पर अच्छी वारिस होते रहने से फसल की स्थिति अच्छी है। धान की फसल की कटाई प्रारंभ हो गई है जिसमें अब पानी की आवश्यकता नही है।

(ii) उर्वरक,बीज एवं कीटनाशी :– उर्वरक की स्थिति की समीक्षा में जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि रबी मौसम हेतु मुंगेर जिला को यूरिया 7400 डी0ए0पी0, 2500, एन0पी0के0 800, एम0ओ0पी0 1100 एवं एस0एस0पी0 2000 मै0 टन लक्ष्य निर्धारित है जिसके विरूद्ध अक्टुबर माह में अभी तक यूरिया–1040 डी0ए0पी0–50 एन0पी0के0–00 एम0ओ0पी0–25 एस0एस0पी0–00 प्राप्त हुआ है। उक्त उर्वरको का भौतिक सत्यापन के साथ आवश्यकतानुसार प्रखंडो में उपावंटित करते हुए प्रखंड कृषि पदाधिकारी एवं अनुमंडल कृषि पदाधिकारी, की निगरानी में विक्री कराते हुए समय–समय पर इस स्तर से भी विक्रेताओ के प्रतिष्ठानो का निरीक्षण किया जा रहा है और अभी उर्वरको की कालाबाजारी/अधिक मूल्य पर विक्री की कोई शिकायत नही हैजिस पर जिला पदाधिकारी द्वारा विक्रेताओ के दुकानों का निरीक्षण प्रतिवेदन एवं पायी गई अनियमितताओ के संबंध में जानकारी लिये जाने पर जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि इस माह में मेरे द्वारा 02 थोक उर्वरक विक्रेताओ का निरीक्षण किया गया है जहाँ सभी अभिलेख प्रायः अद्यतन पाया गया किन्तु उक्त विक्रेताओ द्वारा खुदरा विक्रेताओ को दिये गये उर्वरको का प्रतिवेदन नहीं दिया जाता हैं जिससे उर्वरकों की बिक्री पर नियंत्रण में कठिनाई को देखते हुए विक्रेताओं को तत्क्षण प्रतिवेदन हेतु दिनेश दिया गया है। जिला पदाधिकारी द्वारा उस पर असंतोष व्यक्त करते हुए विभागीय पदाधिकारियों के एवं सेल टैक्स के पदाधिकारियों का दल बनाकर नियमित विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों का निरीक्षण एवं प्रतिवेदन प्रस्तुत करने का निदेश दिया गया।

(iii) कृषि यांत्रिकरण :– जिला कृषि पदाधिकारी, द्वारा बताया गया कि अनुदानित दर पर कृषि यंत्रों हेतु इस वर्ष ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने का निर्देश है जिसके तहत निर्धारित लक्ष्य के विरूद्ध अभी तक 749 आवेदन ऑनलाइन हुआ है। जिसकी जांच कराते हुए स्वीकृतिादेश निर्गत कराया जा रहा है। 10000 एवं 10000 से अधिक अनुदान वाले कृषि यंत्रों हेतु एल0पी0सी0 अनिवार्य किया गया है जो बहुत से किसानों के पास नहीं रहने से आवेदन की गति अच्छी नहीं हो पा रही है।

(iv) मिट्टी जाँच अभियान :– मिट्टी जाँच अभियान 2014 अन्तर्गत संग्रहित 7016 के विरूद्ध अभी तक–3571 हुआ है। जिसके स्वायल हेल्थ कार्ड हेतु प्रतिवेदन ऑनलाइन कराया जाना है किन्तु कम्प्यूटर ऑपरेटर नहीं रहने से उक्त कार्य अभी नहीं हो रहा है। मिट्टी नमूना का विश्लेषण के साथ 3754 नमूना पंजीकृत किया गया है।

(v) डीजल अनुदान :– डीजल अनुदान की समीक्षा में जिला कृषि पदाधिकारी, द्वारा बताया गया कि सदर मुंगेर, जमालपुर, बरियारपुर, असरगंज, तारापुर एवं संग्रामपुर प्रखंडों में प्रथम चरण का वितरण पूर्ण हो चुका है एवं ह0 खड़गपुर, धरहरा, एवं टे0 बम्बर प्रखण्डों में वितरण का कार्य अंतिम चरण में हैं। प्रखंड विकास पदाधिकारी जमालपुर, बरियारपुर, असरगंज एवं तारापुर ने डीजल अनुदान के लंबित आवेदनों के निस्तार हेतु अतिरिक्त आवंटन की माँग की गई है जिस पर जिला पदाधिकारी द्वारा ह0 खड़गपुर, धरहरा एवं टे0 बम्बर के प्रखंड विकास पदाधिकारियों को 02 दिनों के अन्दर डीजल अनुदान वितरण संपन्न कराने का निदेश देते हुए डीजल अनुदान के अतिरिक्त आवंटन हेतु अधियाचित प्रखंड राशि को संकलित कर प्रस्ताव प्रस्तुत करने का निदेश दिया गया।

2. विद्युत :– कार्यपालक अभियंता विद्युत बैठक में उपस्थित नही हुए जिससे उनके विभाग की समीक्षा नही की जा सकी।
3. उद्यान :– सहायक निदेशक उद्यान के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि सघन बागवानी (आम) एवं राष्ट्रीय बागवानी मिशन के योजनाओ का लक्ष्यानुसार पौध कृषको के बीच वितरण पूर्ण कर दिया गया है जिसपर जिला पदाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि वर्ष 2013–14 एवं 2014–15 के लक्ष्य एवं लाभुक कृषको की सूची उपलब्ध कराया जाय।

बैठक में उपस्थित लोक स्वास्थ, गंगा पम्प नहर, मत्स्य, सहकारिता आत्मा एवं पशुपालन विभाग के प्रतिवेदनो की भी समीक्षा की गई जिन्हे विभागीय निदेशानुसार कार्य करते हुए शत् प्रतिशत लक्ष्य की प्राप्ति का निदेश दिया गया।

विश्वासभाजन

(हस्ताक्षर) 10.11.14

जिला कृषि पदाधिकारी
–सह–सदस्य–सचिव
मुंगेर।

जिला पदाधिकारी
–सह– अध्यक्ष
मुंगेर।

ज्ञापांक 1477 / कृषि / मुंगेर दिनांक– 11.11.14

प्रतिलिपि:–सभी सदस्यों को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि:–अनुमंडल पदाधिकारी सदर मुंगेर / तारापुर / ह0 खड़गपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाई हेतु प्रेषित।

(हस्ताक्षर)

जिला कृषि पदाधिकारी
–सह–सदस्य सचिव
मुंगेर।

ज्ञापांक 1477 /कृषि/मुंगेर, दिनांक– 11.11.14
प्रतिलिपिः– आयुक्त मुंगेर की सेवा में सादर सूचनार्थ प्रेषित।

जिला कृषि पदाधिकारी,
–सह–सदस्य सचिव 13/11/14
मुंगेर।

ज्ञापांकः 1477 /कृषि/मुंगेर, दिनांक–11.11.14
प्रतिलिपिः–निदेशक पी0पी0एम0/कृषि निदेशक बिहार पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

जिला कृषि पदाधिकारी,
–सह–सदस्य सचिव 13/11/14
मुंगेर।

ज्ञापांकः 1477 /कृषि/मुंगेर, दिनांक–11.11.14
प्रतिलिपिः– प्रधान सचिव/कृषि उत्पादन आयुक्त, बिहार पटना की सेवा में सूचनार्थ अग्रसारित।

जिला कृषि पदाधिकारी,
–सह–सदस्य सचिव 13/11/14
मुंगेर।